employment opportunities created in the country during 1992-93 are likely to the order of 6 million;

(b) if so, the State-wise and occupation-wise break up of the jobs created during the year; and

(c) whether Government have any estimate of the contraction of employment opportunities in the same year ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO) : (a) The estimate of additional employment opportunities likely to have been generated in the country during 1992-93 has been published in the Annual Plan (1993-94) document as well as in the Economic Survey—1993-94. This has not been communicated to the State Governments separately.

(b) No State-wise or occupation-wise estimates of the additional employment generated have been made.

(c) Employment opportunities are estimated to have grown by around 6 million during 1992-93. As such there has been no contraction in overall employment.

बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सौराष्ट्र क्षेत्र को आवंटित की गई धन राशि

1975. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 दिसंबर, 1993 की स्थिति के अनुसार सौराष्ट्र क्षेत्र को विभिन्न जिलेवार योजनाओं के लिए 20-सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्रीय सहयता के रूप में कुल कितनी राशि आवंटित की गई ,

(ख) क्या सरकार ने 20-सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जा रहे कार्यक्रम की गत तीन वर्षों में कोई समीक्षा कराई है,

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त वर्षों के दौरान रखे गये लक्ष्यों को पूरा कर लिया गया है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) योजना आयोग 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से निधियों का आवंटन नहीं करता । राज्य सरकारें अपनी वार्षिक योजनाओं में सेक्टर शीर्षों के तहत 20-सूत्री कार्यक्रम की विभिन्न मदों के लिए धनराशि उपलब्ध कराती हैं ।

(ख) जी हां । पूरे गुजरात राज्य के लिए कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा वास्तविक निष्पादन की समीक्षा की गई है ।

(ग) और (घ) वर्ष 1990-91, 1991-92, 1992-93 के दौरान मासिक मानीटरिंग के लिए पहचान किए गए 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत मदों के संबंध में गुजरात के लक्ष्य और उपलब्धियों को दर्शाने वाला एक अनुपत्र संलग्न है । [देखिए परिशिष्ट 170, अनुपत्र सं० 47]

सौराष्ट्र में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोग

1976. **श्री चिमन भाई हरि भाई शुक्ल :** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों की अनुमानित संख्या कितनी है,

(ख) क्या गरीबी के उन्मूलन हेतु आरम्भ किये गये अथवा आरम्भ किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई है,